# केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, आगरा

## हिन्दी राजभाषा पखवाड़ा - एक रिपोर्ट

कार्यालय में दिनांक 14.09.12 से 28.09.12 तक राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा के रुप में मनाया गया। हिन्दी पखवाड़ा के दौरान निबन्ध प्रतियोगिता, टिप्पण आलेखन, सम्भाषण प्रतियोगिताओं के साथ काव्यपाठ का आयोजन किया गया। ''हिन्दी पखवाड़ा'' में कार्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। हिन्दी दिवस दिनांक 14.09.12 को कार्यालय में हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन किया गया, साथ ही निबन्ध एवं टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कार्यालय के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।




दिनांक 28 सितम्बर 2012 को राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह का आयोजन कार्यालय में किया गया। प्रभारी महोदय द्वारा मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि का स्वागत कार्यालय के परम्परागत रूप से पौधे भेंट कर किया गया।



तद्पोरान्त कार्यक्रम में पूरे वर्ष के दौरान कार्यालय में हिन्दी की प्रगति की जानकारी श्री कमल कुमार, वैज्ञानिक 'ख' द्वारा दी गई। श्री कमल कुमार ने कार्यालय की

हिन्दी प्रगति आख्या प्रस्तुत की तथा अतिथियों को अवगत कराया कि कार्यालय आगरा को वर्ष 2011-12 के दौरान निम्नलिखित पुरूस्कार प्रदान किए गए हैं-



- नराकास द्वारा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के लिए वर्ष 2011-12 में "हिन्दी पत्राचार 100%" रहा, का प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।
- वर्ष 2011-12 में नराकास द्वारा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के लिए आगरा के सभी केन्द्रीय कार्यालयों में "विशेष" स्थान पर रहा, का प्रशस्ति-पत्र दिया गया।
- वर्ष 2011-12 में नराकास द्वारा तकनीकी लेखन पुरूस्कार के अन्तर्गत आगरा के सभी केन्द्रीय कार्यालयों में "विशेष" का प्रशस्ति-पत्र प्रभारी, श्री वी0के0शुक्ला एवं कार्यालय सदस्यों को सामूहिक रूप से दिया गया।

हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह में पधारे मुख्य अतिथि डॉ0 आर0एस0 तिवारी, सचिव नराकास एवं विशिष्ठ अतिथि डॉ0 एन0 के0 पाठक, अधीक्षण पुरातत्वविद, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, आगरा द्वारा कार्यालय में हिन्दी में प्रगामी प्रयोग हेतु कार्यालय की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि कार्यालय इसी प्रकार हिन्दी क्षेत्र में तकनीकी भाषा के उन्नत/प्रयोग हेतु सदा प्रयासरत रहेगा। विशिष्ठ



अतिथि के द्वारा हिन्दी क्षेत्र में कार्यालय के द्वारा हिन्दी के जनउपयोगी प्रचार-प्रसार हेतु सामग्री के निर्माण कार्यों की सराहना की गई। अतिथियों द्वारा निबन्ध एवं टिप्पण आलेखन प्रश्न-पत्र के स्तर की भी सराहना की गयी। साथ ही प्रभारी महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया कि कार्यालय हिन्दी की राजभाषा विभाग द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का पूर्णतया पालन करते हुए निरन्तर हिन्दी की प्रगति में सदा प्रयासरत रहेगा तथा अगले वर्ष से प्रश्न-पत्र और स्तरीय होगा।



कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। निबंध प्रतियोगिता में श्री दीपक गौतम प्रथम, सुश्री गार्गी द्वितीय तथा श्री सुधांशु यादव तृतीय स्थान पर रहे। टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता में श्री दीपक सिंह यादव प्रथम, श्री देश सम्राट गौतम द्वितीय तथा श्री दीपक गौतम तृतीय स्थान पर रहे। संभाषण प्रतियोगिता में सुश्री गार्गी ने प्रथम, मौ0 फैसल द्वितीय तथा श्री कमल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रभारी महोदय द्वारा कार्यालय आगरा से वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्य रिपोर्टो व तकनीकी शोधपत्रों आदि को राजभाषा हिन्दी में भी प्रकाशित किये जाने का आश्वासन दिया एवं विश्वास



व्यक्त किया कि दृढ़इच्छा शक्ति के साथ कार्यालयों में हिन्दी भाषा में सभी कार्य सरल तथा सुगमता से किये जा सकते हैं, जरूरत है सिर्फ हिन्दी में कार्य प्रारम्भ करने की की।

कार्यक्रम के दौरान काव्य पाठ में कार्यालय के सदस्यों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। विशेषकर श्री सुधॉशु यादव तथा श्री के0पी0राठी के काव्य पाठ की अतिथियों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।




कार्यालय के सभी सदस्यों ने हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग किये जाने का आवहान् किया तथा तकनीकी राजभाषा हिन्दी के उत्थान एवं विकास में और अधिक सहयोग एवं प्रयासरत् रहने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यालय में हिन्दी पखवाड़ा के सफल आयोजन के लिए प्रभारी अधिकारी द्वारा सभी को बधाई दी तथा मुख्यालय एवं आँचलिक कार्यालय लखनऊ के द्वारा सहयोग एवं उत्साहवर्धन हेतु आभार व्यक्त किया।

हिन्दी के उत्तरोत्तर विकास हेतु प्रयासरत् रहने के संकल्प तथा राष्ट्रगान के साथ हिन्दी पखवाड़ा का समापन किया गया।

**केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, आगरा को हिन्दी के विकास में प्राप्त उपलब्धियाँ :-**

आगरा में कार्यरत केन्द्रीय सरकार के कुल 108 कार्यालयों में आज केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, आगरा प्रमुख स्थान रखता है तथा हिन्दी के प्रायोगिक दृष्टि से सर्वोत्तम रहता है, या विजेताओं में विशिष्ट स्थान रखता है।

- वर्ष 2004 में नराकास द्वारा **सराहनीय** प्रशस्ति-पत्र दिया गया।
- वर्ष 2005 में नराकास द्वारा **शील्ड सहित तृतीय स्थान** प्राप्त किया गया।
- वर्ष 2006 में नराकास द्वारा **सराहनीय** प्रशस्ति-पत्र दिया गया।
- कार्यालय द्वारा तकनीकी विषय ''**परिवेशीय वायु मॉनिटरिंग : आगरा शहर में एक अध्ययन**'' का हिन्दी में प्रकाशन वर्ष 2006 में किया गया।
- वर्ष 2007 में नराकास द्वारा **शत-प्रतिशत टिप्पण आलेखन के लिए प्रशस्ति-पत्र** दिया गया।
- वर्ष 2008 में नराकास द्वारा हिन्दी के प्रगामी प्रायोग के लिए **विशिष्ट प्रशस्ति-पत्र** दिया गया।
- वर्ष 2008-09 में नराकास द्वारा हिन्दी के प्रगामी प्रायोग के लिए **विशेष प्रशस्ति-पत्र** दिया गया।
- वर्ष 2009-10 में नराकास द्वारा हिन्दी के प्रगामी प्रायोग के लिए **विशेष प्रशस्ति-पत्र** दिया गया।
- कार्यालय द्वारा **राजभाषा हिन्दी में दो तकनीकी पेपरों का प्रस्तुतीकरण** राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली में वर्ष 2008-09 के दौरान किया गया।
- कार्यालय द्वारा तकनीकी रूप से मूल्यांकन एवं संग्रहीत करते हुये वर्ष 2002 से 2010 तक के आँकड़ों को ''**परिवेशीय गुणवत्ता प्रबोधनः आगरा शहर -एक अध्ययन**'' का हिन्दी में प्रकाशनार्थ मुख्यालय प्रेषित की गई हैं।
- वर्ष 2010-11 में नराकास द्वारा हिन्दी के प्रगामी प्रायोग के लिए आगरा के सभी केन्द्रीय कार्यालयों में **तृतीय स्थान** पर रहा, का प्रशस्ति-पत्र दिया गया।
- नराकास द्वारा हिन्दी के प्रगामी प्रायोग के लिए वर्ष 2011-12 में ''**हिन्दी पत्राचार 100%**'' रहा, का प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।
- वर्ष 2011-12 में नराकास द्वारा हिन्दी के प्रगामी प्रायोग के लिए आगरा के सभी केन्द्रीय कार्यालयों में **विशेष स्थान** पर रहा, का प्रशस्ति-पत्र दिया गया।
- वर्ष 2011-12 में नराकास द्वारा तकनीकी लेखन पुरुस्कार के अन्तर्गत आगरा के सभी केन्द्रीय कार्यालयों में **''विशेष''** का प्रशस्ति-पत्र प्रभारी, श्री वी0के0शुक्ला एवं कार्यालय सदस्यों को सामूहिक रूप से दिया गया।

सत्यमेव जयते

भारत सरकार

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, आगरा

राजभाषा विभाग (गृह-मंत्रालय)

सचिवालय : आयकर आयुक्त का कार्यालय, संजय प्लेस, आगरा - 2

## प्रशस्ति—पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि वर्ष 2011-12 में आगरा नगर स्थित समस्त केन्द्र सरकार के कार्यालयों/बैंकों/निगमों/उपक्रमों में केन्द्रीय प्रदूषण नि०बो० का कार्य राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में (हिंदी पत्राचार 100% प्रथम स्थान पर रहा। विभाग इस उपलब्धि पर बधाई का पात्र है। आशा की जाती है कि राजभाषा विकास में आगे भी के० प्र० नि० बोर्ड प्रयासरत् रहेगा।

अर. [illegible]

आयकर आयुक्त
अध्यक्ष
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
आगरा

दिनांक : 26-09-2011

सत्यमेव जयते

भारत सरकार

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, आगरा

राजभाषा विभाग (गृह-मंत्रालय)

सचिवालय : आयकर आयुक्त का कार्यालय, संजय प्लेस, आगरा - 2

## प्रशस्ति—पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि वर्ष 2011-12 में आगरा नगर स्थित समस्त केन्द्र सरकार के कार्यालयों/~~बैंकों~~/ ~~निगमों~~/~~उपक्रमों~~ में केन्द्रीय प्रदूषण नि० बोर्ड का कार्य राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में विशेष स्थान पर रहा। विभाग इस उपलब्धि पर बधाई का पात्र है। आशा की जाती है कि राजभाषा विकास में आगे भी के० प्रदूषण नि० बोर्ड प्रयासरत् रहेगा।

दिनांक : 30.04.2012

आयकर आयुक्त<br>
अध्यक्ष<br>
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति<br>
आगरा

सत्यमेव जयते

# भारत सरकार

## गृह मंत्रालय

## राजभाषा विभाग

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,

आयकर भवन, संजय प्लेस, आगरा

## प्रशस्ति पत्र [तकनीकी लेखन पुरस्कार]

यह प्रशस्ति पत्र डॉ. वी० के० शुक्ला, परि० प्रभारी (विभागाध्यक्ष) एवं टीम के सदस्य गण को वर्ष 2011-12 के दौरान उनके संगठन द्वारा संघ की राजभाषा नीति के श्रेष्ठ निष्पादन के लिए विशेष स्थान प्राप्त करने में उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

डॉ. शुक्ला, विभागाध्यक्ष, के० प्र० नि० बोर्ड से अपेक्षा की जाती है कि वह आगे भी राजभाषा विकास में अपना योगदान देते/~~देती~~ रहेंगे/~~रहेंगी~~।

अध्यक्ष
नगर राजभाषा कार्यान्वयन
समिति, आगरा